भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
तारांकित प्रश्न सं. *59
गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आन्ध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना का विकास**

***59. श्री टी.जी. वेंकटेश:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पर्यटन के विकास हेतु आन्ध्र प्रदेश सरकार के लिए किन्हीं योजनाओं और वित्तीय सहायता का प्रस्ताव किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;
(ग) कितनी परियोजनाओं का विकास हेतु चयन किया गया है और कितनी परियोजनाओं पर विचार किया जा रहा है;
(घ) प्रत्येक परियोजना के लिए संस्वीकृत/संस्वीकृत की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) आन्ध्र प्रदेश में विशेष रूप से कुर्नूल जिले में अभिनिर्धारित की गयी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

******

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंचना का विकास के संबंध में दिनांक **02.12.2021** को राज्य सभा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या ***59** के भाग (क) से (ड़) के उत्तर में **विवरण।**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन'(प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों योजनाओं को सहायता' योजनाओं के तहत आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ शासित राज्य प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए ' और । इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य को मेलों/त्योहारों और पर्यटन संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना के दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन और धन की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और आंध्र प्रदेश राज्य में मेले/त्योहारों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

'आईएचएम/एफसीआई/आईआईटीटीएम आदि को सहायता', योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में निम्नलिखित राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम)/भारतीय पाककला संस्थान (आईसीआई) को स्वीकृति प्रदान की गई है: -

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| राज्य होटल प्रबंधन संस्थान, तिरुपति | 10.00 |
| भारतीय पाककला संस्थान,तिरुपति | 97.49 |

(ड.): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से अनुरोध प्राप्त होने पर पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत जिला कुरनूल, आंध्र प्रदेश में 'श्रीशैलम मंदिर का विकास' परियोजना को 13.09.2017 को 47.45 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर अनुमोदित किया गया था। परियोजना के प्रत्यक्ष निष्पादन को वर्ष 2021 में 43.08 करोड़ रुपये की अंतिम निष्पादित लागत के साथ पूरा किया गया है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को 28.10.2021 के संस्वीकृति पत्र के माध्यम से सभी भुगतान जारी किए जा चुके हैं।

*******

**अनुबंध**

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंचना का विकास के संबंध में दिनांक **02.12.2021** को राज्य सभा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या ***59** के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण।**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रुपए में)**

| **क्रम संख्या** | **राज्य** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत धनराशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अदुरु - एस यनम - कोटिपल्यांजुना में परिपथ का विकास | 67.83 | 67.83 |
| **वर्ष 2015-16** | | | | | |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | नेल्लूर, पुलिकट झील, उब्बालमडुगु जलप्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडु समुद्र तट, रामतीर्थम का विकास | 49.55 | 47.76 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 3. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | आंध्र प्रदेश में शालिहुंडम-थोटलाकोंडा-बाविकोंडा-बोज्जानकोंडा-अमरावती-अनूपु में बौद्ध परिपथ का विकास | 24.14 | 26.17 |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रुपए में)**

| **क्रम संख्या** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत धनराशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2015-16** | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | अमरावती टाउन, गुंटूर जिले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना | 27.77 | 27.77 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | |
| 2. | आंध्र प्रदेश | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 43.08 | 43.08 |

**पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता**

**(करोड़ रुपए में)**

| **क्रम संख्या** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **केंद्रीय एजेंसी** | **स्वीकृत धनराशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्य | कोंकण रेलवे के लिए ग्लास टॉप कोच का निर्माण<br>• काजीगुंड और बारामूला, जम्मू और कश्मीर | रेल मंत्रालय | 12.00 | 12.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | • विजाग-अराकू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश<br>• दादर-मडगांव रूट (मुंबई से गोवा) | | | |
| **वर्ष 2016-17** | | | | | |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तिरुपति रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.75 | 4.59 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 3. | आंध्र प्रदेश | पुट्टापार्थी, आंध्र प्रदेश में ध्वनि और प्रकाश प्रदर्शन | आईटीडीसी | 7.09 | 3.54 |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | |
| 4. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 38.50 | 19.25 |

**मेलों और त्योहारों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/ संघशासित प्रदेशों प्रशासनों को वित्तीय सहायता**

**(लाख रुपए में)**

| राज्य | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत धनराशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2014-15 | नेल्लूर जिला, आंध्र प्रदेश में फ्लेमिंगो महोत्सव के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | | अनंतपुर जिले में लेपाक्षी महोत्सव आयोजित करने के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | | आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा तटीय महोत्सव के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | 2016-17 | आंध्र प्रदेश के अमरावती, विजयवाड़ा, श्रीशैलम में कृष्ण पुष्कर्म के अवसर पर पर्यटन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 25.00 | 25.00 |

*****